
## आगाज : प्रधानमंत्री ने दिखाई हरी झंडी, कहा-अगले दस सालों में हमारी ट्रेनें किसी से कम नहीं होंगी

# देश में पहली रैपिड रेल की शुरुआत

गाजियाबाद, विशेष संवाददाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को देश की पहली रैपिड ट्रेन नमो भारत को साहिबाबाद स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि जिस योजना का हम शिलान्यास करते हैं, उसका उद्घाटन भी हम ही करते हैं।

रैपिड ट्रेन को रवाना करने के बाद गाजियाबाद में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि चार साल पूर्व दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ रीजनल कॉरिडोर प्रोजेक्ट की आधारशिला उन्होंने ही रखी थी। अब साहिबाबाद से दुहाई डिपो तक के हिस्से का उद्घाटन भी वही कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेरठ वाला हिस्सा साल-डेढ़ साल बाद पूरा होगा। मोदी ने कहा कि इस सदी का तीसरा दशक भारतीय रेलवे के कायाकल्प का है। आने वाले दस साल में हमारी ट्रेनें दुनिया के किसी भी देश से पीछे नहीं रहेंगी। नमो भारत, वंदे भारत और अमृत भारत स्पेशल की त्रिवेणी भारतीय रेलवे की तस्वीर बदल देगी।


साहिबाबाद में शुक्रवार को रैपिड ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टिकट खरीदकर गुलधर तक सफर किया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं से बात भी की। उनके साथ सीएम योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल भी मौजूद रहीं।

**17** किलोमीटर रेल खंड पर होगा परिचालन, पीएम ने गुलधर तक किया सफर

**06** बजे सुबह शनिवार से आम लोगों के लिए शुरू होगी रेल सुविधा

### हरियाणा और राजस्थान से भी जुड़ेगी नमो भारत ट्रेन

प्रधानमंत्री ने कहा कि नमो भारत के दिल्ली से मेरठ तक शुरू होने के बाद इसे दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान समेत देश के अन्य हिस्सों से भी जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि नमो भारत ट्रेन नए भारत के नए सफर और नए संकल्पों को परिभाषित कर रही है। उन्होंने कहा कि दुनिया में आज का हिन्दुस्तान छाया हुआ है। आज का भारत दुनिया में सबसे ज्यादा डिजिटल लेनदेन करता है।

### नमो भारत से लोगों को नया विकल्प मिलेगा : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे के बनने के बाद दिल्ली से मेरठ का सफर 45 मिनट में तय हो रहा है। पहले इसमें साढ़े चार घंटे लग जाते थे। यह सब प्रधानमंत्री ने मुमकिन किया है। नमो भारत चलने से लोगों को नया विकल्प मिल जाएगा। उन्होंने सबसे पहले नवरात्र में देश की पहली रैपिड रेल का उपहार देने के लिए पीएम का आभार जताया। ब्योरा P23

### हम अपने यान में पहला भारतीय चांद पर उतारेंगे

नरेंद्र मोदी ने कहा कि नौ साल में देश में एयरपोर्ट की संख्या दोगुनी हो चुकी है। बीते कुछ समय में हमारी एयरलाइन्स एक हजार से अधिक नए विमानों के ऑर्डर दे चुकी हैं। हम अपने लड़ाकू विमान बना रहे हैं। अंतरिक्ष में भी हमने चंद्रमा पर तिरंगा झंडा गाड़ दिया है। हम अपना स्पेस स्टेशन स्थापित करेंगे। वह दिन दूर नहीं जब हम अपने यान में पहला भारतीय चांद पर उतारेंगे।